52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 15.3 °c
अधिकतम 31.0 °c

**अमृतवाणी**

असफलता यह सिद्ध करती है कि प्रयत्न पूरे मन से नहीं, बल्कि अधूरे मन से हुआ।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सपा जब सत्ता से बाहर हो जाती है तब उसे पीडीए की याद आती है : अनुप्रिया पटेल



सूर्योदय : 6:35 सूर्यास्त : 5:29 | वर्ष : 52/ अंक : 306 | मंगलवार, 05 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

कहीं है खौफ से सजदा कहीं लालच से पूजा है........

# एक हफ्ता और बढ़ा प्रत्याशियों का सिरदर्द

**▶ स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम लटकेंगे, बढ़ जाएगा और खर्च ▶ प्रशासन को भी व्यवस्था में अभी लगानी पड़ेगी लंबी गश्त**

**मुजफ्फरनगर, 4 नवंबर (बु.)।** मीरांपुर समेत तमाम स्थानों पर उपचुनावों में मतदान की तिथि बढ़ाकर 20 नवंबर किए जाने से राजनीतिक दलों ने जहां थोड़ी राहत महसूस की है और अब प्रत्याशियों को प्रचार के लिए छह और दिन मिल जाएंगे, वहीं प्रत्याशियों और प्रशासन के लिए यह किसी मुसीबत से कम नहीं है। प्रशासन की दिक्कत यह है कि उसे छह दिन और कवायद करनी पड़ेगी, वहीं प्रत्याशियों को सात दिन और प्रचार से जूने के साथ उनका खर्च भी बढ़ेगा। सपा की ओर से जहां इस पर तंज कसा जा रहा है, वहीं भाजपा और रालोद के नेताओं ने इसका स्वागत किया है। अब बीस को मतदान के बाद वोटों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

यूपी की नौ विधानसभा सीटों के साथ मीरांपुर में चुनावी सरगर्मियां इस समय जोरों पर हैं। 13 नवंबर को मतदान की स्थिति को देखते हुए प्रशासन जहां अपनी तैयारियों में जुटा है, वहीं तमाम राजनीतिक दलों के बड़े नेताओं ने भी इसी के आधार पर अपने दौरे निर्धारित कर रखे है। अब उपचुनाव की तारीखों में बदलाव किया गया है। इसके अनुसार 13 के बजाय 20 नवंबर को उपचुनाव होगा। विभिन्न त्योहारों के चलते चुनाव आयोग ने यह फैसला लिया है। भाजपा और रालोद के प्रदेश नेतृत्व ने जहां कार्तिक पूर्णिमा (गंगा स्नान) के मद्देनजर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मतदान की तिथियों पर पुनर्विचार की मांग की थी, वहीं प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने भी निर्वाचन आयोग को इस बाबत पत्र लिखा था। निवार्चन आयोग द्वारा मतदान की तिथियों में बदलाव का स्वागत करते हुए मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान को देखते हुए यह निर्णय स्वागत योग्य है। इससे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को कार्तिक पूर्णिमा मेले में शामिल होने के साथ मतदान प्रक्रिया में भी सुविधजनक तरीके से भाग लेने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में मीरांपुर का क्षेत्र कार्तिक पूर्णिमा पर शुकतीर्थ और बैराज के मेलों के लिए प्रसिद्ध है। इस मौके पर जहां बड़ी संख्या में लोग गंगा स्नान, व्रत, पूजा और भंडारे जैसे धार्मिक आयोजन करते हैं। मेलों के लिए कई दिन पूर्व श्रद्धालु जाने लगते हैं और कार्तिक पूर्णिमा स्नान के बाद भी उन्हें लौटने में एक दो दिन लग जाते हैं। इस बार 15 नवंबर को स्नान का दौर चलेगा। इस दौरान शुकतीर्थ और बैराज पर मेले की भी तैयारी है। ऐसे में 30 नवंबर को मतदान की तिथि तय करना उपयुक्त है।

आम तौर पर मतदाता के नजरिए से यह ठीक है। प्रत्याशियों को भी प्रचार के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा। हालांकि प्रशासन के लिए यह कवायद थोड़ा और लंबी हो गई है। उसकी तमाम तैयारियां 13 नवंबर को मतदान संपन्न कराने की

शेष - पृष्ठ-4 पर

## उत्तर प्रदेश, पंजाब, केरल की 14 सीटों पर उपचुनाव अब 20 नवंबर को होगा

**नयी दिल्ली, 04 नवंबर (वार्ता)** चुनाव आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में 14 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव 13 की जगह 20 नवंबर को कराने की सोमवार को घोषणा की। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें केरल की पलक्कड़, पंजाब की डेरा बाबानानक, चब्बेवाल (सुरक्षित), गिद्दरबाहा, बरनाला और उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुण्डरकी, गाजियाबाद, खैर (सुरक्षित), करहल, सीसा मऊ, फूलपुर, कटिहारी, मझवां सीट शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि उसने विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के अनुरोध पर यह फैसला किया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इन दलों ने 13 नवंबर को सम्बंधित क्षेत्रों में सामाजिक,




सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों की व्यस्तता के आधार पर चुनाव तिथि बदलने का अनुरोध किया था। इन सीटों के उपचुनाव की मतगणना 20 नवंबर को कराई जायेगी और चुनाव प्रक्रिया 25 नवंबर तक संपन्न करा ली जायेगी। आयोग ने कहा है कि इन सीटों पर चुनाव कार्यक्रम की अन्य तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने 15 अक्टूबर को 15 राज्यों में 48 विधानसभा और दो लोक सभा सीटों के लिये उपचुनाव कराने की घोषणा की थी। कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की नान्देड़ संसदीय सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ सीट को छोड़ कर इन सभी सीटों के उपचुनाव में मतदान 13 नवंबर को कराने का कार्यक्रम था। आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) जैसी पार्टियों और सामाजिक संगठनों के अनुरोध पर तीन राज्यों की 14 सीटों पर मतदान की तिथि बदल दी है और इन सीटों पर मतदान महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के मतदान के लिये तय 20 नवंबर की तिथि के दिन मतदान कराने का फैसला किया है।

## चुनाव की तिथि बढ़ने का रालोद-भाजपा गठबंधन को होगा लाभ

**मुजफ्फरनगर, 4 नवम्बर (बु.)।** चुनाव की तिथि 13 नवम्बर से 20 नवम्बर होने के बाद इसका लाभ सीधा रालोद-भाजपा गठबंधन को होता दिखाई देगा। दरअसल हिन्दू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा स्नान का विशेष महत्व है। लाखों लोग हरिद्वार और शुक्रताल में इस दिन स्नान करने के लिए उमड़ते हैं। इतना ही नहीं शुक्रताल में तम्बू गाड़कर तीन दिन पहले से ही श्रद्धालु यहां अपना डेरा जमाना शुरू कर देते हैं। ऐसे में भाजपाइयों को पहले से ही आभास था कि इतने बड़े पर्व पर उनका वोट बैंक कार्तिक स्नान से नहीं चूकेगा, ऐसे में वह वोट डालने मतगणना स्थल तक नहीं पहुंच पाएगा। इसी के चलते पहले से ही जनपद के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार व राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने चुनाव आयोग से सिफारिश की थी कि मतदान की तिथि गंगा स्नान के बाद की तय की जाए। इसी बात की अपील दोनों पार्टियों रालोद व भाजपा के आला कमान ने भी की थी। सम्भवतः इसी को स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग ने उक्त तिथि में परिवर्तन किया है। तिथि में परिवर्तन होते ही भाजपा व रालोद के नेताओं में उत्साह का माहौल दिखा और अनुमान के अनुसार रालोद व भाजपा का वोट बैंक 20 नवम्बर को होने वाले चुनाव में बढ़ता दिखेगा।





## सपा प्रत्याशी के ससुर कादिर राणा समेत 12 नामजद व 15-20 अज्ञात के खिलाफ आचार संहिता उलंघन का मुकदमा दर्ज

**रामराज, 4 नवम्बर (बु.)।** रामराज पुलिस ने विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी के समर्थन में बिना अनुमति के सभा करने पर प्रत्याशी सम्बुल राणा के ससुर कादिर राणा समेत 12 लोगों को नामजद करते हुए 15-20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रामराज थाने एसओ दीपक चौधरी ने बताया कि शाम के समय थाने के एसआई देवकीनंदन क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, इस दौरान रामराज खादर क्षेत्र के गांव चुहापुर-फरीदपुर में रास्ते को जाम करके ग्रामीण राजपाल पुत्र छोटे के घर के बाहर चुनाव-आयोग व प्रशासन की अनुमति के बिना सपा प्रत्याशी के सम्बुल राणा के समर्थन में सभा की जा रही थी। जिस पर पुलिस ने आयोजकों से अनुमति मांगी तो वो कोई भी अनुमति या प्रपत्र दिखा नही पाए। जिसके चलते पुलिस ने सपा प्रत्याशी सम्बुल राणा के ससुर मुजफ्फरनगर के सुजडू खालापार निवासी कादिर राणा पुत्र लियाकत सहित मुजफ्फरनगर के खालापार थानाक्षेत्र के जहांगीर पट्टी निवासी कासिम पुत्र अमीर, इसरार पुत्र अफजाल, जफर पुत्र अज्ञात सहित रामराज के ग्राम अहमदवाला निवासी प्रेमपाल पुत्र अजैब सिंह, चुहापुर-फरीदपुर निवासीगण राजपाल पुत्र छोटे व अमित व दिनेश पुत्रगण राजपाल, कपिल पुत्र जबर,मनोज पुत्र रतन, ग्राम हंसावाला निवासी राजेंद्र, पुत्र कालू, जोगेंद्र पुत्र फूल सिंह को नामजद करते हुए 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उलंघन की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।



## आगरा में वायुसेना का विमान क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

**आगरा, 04 नवम्बर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के आगरा में सोमवार को वायुसेना का एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया । विमान के दोनों पायलट सुरक्षित हैं। यहां खेरिया हवाई अड्डे से उड़ते समय ही विमान में आग लग गई।



पलक झपकते ही आग का गोला बना विमान खेत में जा गिरा। हादसे के वक्त विमान में दो पायलट सवार थे। दोनों पायलट तत्परता दिखाते हुए आग लगने से चंद सेकंड पहले ही विमान से बाहर निकल आए। विमान कागारौल के सोंगा गांव के पास खाली खेतों में जा गिरा।

## इंदौर में तेज रफ्तार कार कंटेनर में घुसी, मुजफ्फरनगर के छात्र समेत दो की मौत

**इंदौर, 4 नवंबर (एजेंसी)।** अपने दोस्त से मिलने दिल्ली, यूपी के नोएडा और मुजफ्फरनगर से आए युवकों की स्विफ्ट डिजायर कार इंदौर-देवास रोड पर एक कंटेनर में जा घुसी। छात्र इंदौर से भोपाल की तरफ जा रहे थे। इस हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की सूचना के बाद राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने अस्पताल के अधिकारियों से वार्ता कर छात्रों का पोस्टमार्टम कराया।

हादसे में मृत छात्रों का नाम धैर्य भारद्वाज पुत्र शिवकुमार निवासी भरतिया कॉलोनी व श्रेयांश सिंह है। उनके साथी अभय वर्मा, रोहित पुनिया, मोहित और विनायक सिंह घायल हुए हैं। सभी वैल्लोर यूनिवर्सिटी आष्टा में बीटेक फोर्थ ईयर के स्टूडेंट हैं। वे दीपावली पर छुट्टी होने के कारण इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में रहने वाले अपने दोस्त राज से मिलने आए थे। दिल्ली से किराए की कार लेकर आए दोस्त राज से मिलने के बाद सोमवार अल सुबह भोपाल जाने के लिए निकले थे, इसी बीच एबी रोड पर कार कंटेनर में जा घुसी। आगे की सीट पर बैठे धैर्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अभय वर्मा की हालत नाजुक है। उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। श्रेयांश ने उपचार के दौरान दम तोड़ा। छात्र धैर्य की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि श्रेयांश की मौत इलाज के दौरान कोकिलाबेन अस्पताल में हुई है। कार कंटेनर के पिछले हिस्से में घुस गई थी। कार को लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद निकाला और दरवाजे के शीशे तोड़कर घायलों को निकाला। पुलिस अफसरों ने घायल के दोस्त राज को भी मौके पर बुलाया और दोस्तों के परिजनों को सूचना देने के लिए कहा। घायल छात्रों के परिजन भी इंदौर के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है। कंटेनर चालक फरार है। धैर्य के पिता टीचर हैं। मोहित के पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं। अभय वर्मा पिता नोएडा में आईटी कंपनी में हैं। विनायक के पिता का नोएडा में बिजनेस है। राजवर्धन के पिता इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत हैं।



धैर्य का फाइल फोटो

## हाईटेंशन तार की चपेट में आया गन्ने से भरा ट्रैक्टर-ट्राला, दो की मौत

**▶ एक युवक घायल, ट्रैक्टर-ट्राले में भी आग लगी ▶ उग्र ग्रामीणों का हंगामा, शाहपुर मंसूरपुर मार्ग जाम**

**शाहपुर, 4 नवंबर (बु.)।** देर रात शाहपुर मंसूरपुर रोड पर एक दर्दनाक हादसे में गन्ने के ट्राले के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ जाने से दो युवकों की दुखद मौत हो गई। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उक्त ट्रैक्टर हाल में दिवाली पर ही खरीदा गया था। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राला भी जल गया। घटना की सूचना पर सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने हंगामा करते हुए शवों को रखकर शाहपुर मंसूरपुर मार्ग जाम कर दिया। एसडीएम समेत वरिष्ठ अधिकारी जाम की सूचना पर वहां पहुंच गए।

पुलिस के अनुसार निकटवर्ती गांव चांदपुर के निवासी राजू पुत्र वीर सिंह ने हाल में दिवाली पर एक ट्रैक्टर खरीदा था। वह अपने साथ कर्मचारी अजय पुत्र सुनील और सूरज पुत्र मुन्ना के साथ मुबारिकपुर सेंटर से गन्ना लेकर शाहपुर होते हुए मंसूरपुर मिल में गन्ना डालने जा रहा था। बताया गया है कि रात करीब पौने दस बजे जैसे ही उनका ट्रैक्टर-ट्राला शाहपुर मंसूरपुर मार्ग पर जा रहा था तो वहां बिजली की 11 हजार लाइन के लटके हुए तारों की चपेट में आने के बाद ट्रैक्टर-ट्राले में आग लग गई। उस पर सवार तीनों युवक उसकी चपेट में आ गए। करंट के कारण झुलसने से 38 वर्षीय राजू और 24 वर्षीय अजय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सूरज बुरी तरह झुलस गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने यह नजारा देखा को पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन बंद कराई। तब तक दोनों युवकों की मौत हो चुकी थी। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन तथा आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में वहां पहुंच गए और उन्होंने शाहपुर-मंसूरपुर मार्ग जाम कर हंगामा शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान यूनुस चौधरी तथा चांदपुर के प्रधान कुलदीप त्यागी तथ धनायन के प्रधान प्रवीण कोठारी भी मौके पर पहुंच गए। जाम की सूचना पर एसडीएम राजकुमार तथा शाहपुर थाना प्रभारी भी मौके पर हंगामा व जाम लगा रहे लोगों को समझाने बुझाने में जुटे रहे। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मृतकों के परिजनों को मुआवजा और घायल के समुचित उपचार की मांग कर रहे थे। देर रात तक प्रशासन व पुलिस के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने में जुटे थे। मंसूरपुर मिल और बिजली विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया था। देर रात तक मंसूरपुर शाहपुर मार्ग जाम था और हंगामा जारी था।



# शाहपुर क्षेत्र के लाल विवेक देशवाल को हजारों लोगों ने अश्रुपूरित विदाई दी

**▶ शहीद सैनिक का पूरे सैनिक सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार ▶ भारत माता की जय, "वंदेमातरम, जब तक सूरज चांद रहेगा, विवेक तेरा नाम रहेगा" से गूंजा आसमान ▶ कई स्थानों पर शव यात्रा पर पुष्प वर्षा कर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि ▶ सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बलिदानी को दी अंतिम विदाई ▶ 5 वर्षीय पुत्र ने मुखाग्नि दी, तो लोगों के नेत्र सजल हो उठे**

**शाहपुर, 4 नवम्बर (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी के बलिदान हुए सेना के जवान विवेक देशवाल की शवयात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी । जब तक सूरज चांद रहेगा, विवेक तेरा नाम रहेगा, भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के गगन भेदी नारों के साथ बाय वाला चौकी से लेकर गांव शाहजुड्डी तक सैंकड़ों गाड़ियों के काफिले एवं तिरंगा लिए हजारों लोगों के साथ-साथ सड़क के दोनों और खड़े क्षेत्र वासियों ने पुष्प वर्षा कर शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि दी। बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेताओं एवं आम और खास ने गांव पहुंचकर शहीद सैनिक को पुष्पांजलि अर्पित की। बलिदानी जवान को सेना के अधिकारियों के साथ पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक व किसान संगठनों के पदाधिकारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बलिदान हुए जवान का गांव में पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

क्षेत्र के गांव शाहजुड्डी निवासी किसान सन्तरपाल के 30 वर्षीय पुत्र विवेक देशवाल 28 एएडी बटालियन में तैनात थे। वह सेना की रोड ओपनिंग पार्टी का हिस्सा थे । इस दौरान शनिवार को वह गोली लगने से वह बलिदान हो गए । सोमवार को करीब 11 बजे उनका पार्थिव शरीर कस्बे में पहुंचा तो डीएवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य करण सिंह के नेतृत्व में समस्त स्टाफ व बच्चों ने पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सोरम मोड़ पर स्थित दी स्काईलैंड स्कूल के प्रबंधक राहुल गोयल के नेतृत्व में स्टाफ में बच्चों ने बलिदान हुए जवान के वाहन पर पुष्प वर्षा की। इसके अलावा गांव सोरम व गोयला में दोनों गांव में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा की। करीब साढ़े बारह बजे बलिदान हुए जवान का पार्थिव शरीर गांव में पहुंचा, तो परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में मौजूद ग्रामीणों के अलावा अन्य गांव से आए लोगों की आंखें भी नम हो गई। बलिदान हुए जवान की शवयात्रा उनके घर से खेत तक पहुंची। इस दौरान जवान की अंतिम यात्रा में शामिल बच्चे युवा बुजुर्ग भारत माता की जय, जब तक सूरज चांद रहेगा विवेक तेरा नाम रहेगा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद नारे लगा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे बलिदान हुए जवान के पांच वर्षीय पुत्र रूद्र ने अपने पिता की चिता को मुखाग्नि दी। इससे पूर्व सेना के अधिकारियों के अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में सामाजिक व किसान संगठन के पदाधिकारी ने बलिदान हुए जवान को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा मेरठ से आए सेना के जवानों ने उन्हें सलामी दी । बलिदान हुए जवान का पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

बलिदान हुए जवान विवेक देशवाल को सेना के कैप्टन आशुतोष सिंह, 28 एएडी बटालियन के नायब सूबेदार राकेश कुमार, हवलदार अरविंद कुमार के अलावा एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह सहित देशवाल खाप के चौधरी शरणवीर सिंह, सर्वखाप खाप मंत्री सुभाष बालियान, भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, भाकियू अराजनीतिक के प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान, सपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद हरेंद्र मलिक, रालोद विधान मंडल दल के नेता व विधायक राजपाल बालियान, पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह, पूर्व विधायक उमेश मलिक, जाट महासभा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर बालियान, योग संस्थान बघरा के संस्थापक स्वामी यशवीर महाराज, मृगेंद्र शास्त्री, नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, समाज सेवी हाजी शाहिद त्यागी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी के अलावा राष्ट्रीय सैनिक संस्था मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार, उपाध्यक्ष रूकमकेश, जिला महासचिव कैप्टन प्रदीप कुमार, प्रदेश महासचिव सूबेदार केपी पवार, जिला सचिव हवलदार ईश्वर सिंह आदि सहित हजारों लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की ।











## बूथ अध्यक्ष घर घर जाकर गठबंधन प्रत्याशी की जीत की नींव रखें : भूपेन्द्र चौधरी

**▶ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया ▶ प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बूथ अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की**









मीरापुर में भाजपा के बूथ सम्मेलन में मंच पर मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व भाजपा व रालोद के अन्य नेता

**मीरापुर, 4 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर में भाजपा द्वारा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर लोगों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर गठबंधन प्रत्याशी की जीत की नींव रखने का आह्वान किया। इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने मीरापुर विधानसभा के पांचों मंडल अध्यक्षों तथा बूथ कमेटी के सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक कर उपचुनाव में जीत के गुणा-भाग पर चर्चा की।

सोमवार को कस्बे के एक बैंकट हॉल में आयोजित भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पहुँचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने बुकें भेंट कर स्वागत किया। बूथ सम्मेलन में मीरापुर विधानसभा के मीरापुर, शुक्रताल, भोपा, सम्भलहेड़ा व बेहड़ा सादात मंडल के मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों, प्रवासी कार्यकर्ताओं व सम्मेलन में पहुँचे अन्य भाजपा नेताओं के साथ सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने समीक्षा बैठक आयोजित की और सभी से मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में जुटने का आह्वान किया व घर घर जाकर भाजपा-रालोद गठबन्धन प्रत्याशी मिथलेश पाल को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। इसके बाद बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उपचुनाव को पर्व की तरह मानते हुए सभी इसे उत्सव के रूप में मनाएं तथा जमकर मतदान में हिस्सा लें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दल जाति-धर्म व ऊँच-नीच की राजनीति कर समाज को बांटने का कार्य कर रहे हैं, किन्तु भाजपा हमेशा सबका साथ सबका विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कार्यकताओं से लोगों को भाजपा द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में भाजपा को पहली बार 8 सीटें मिली हैं, वही केरल में पहली बार भाजपा का 20 प्रतिशत वोट बैंक बढ़ा है और उड़ीसा में भाजपा की पहली बार सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हर पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, इसलिए सभी एकजुट होकर मीरापुर विधानसभा उपचुनाव को हर हाल में जिताने का कार्य करें। कार्यक्रम को भाजपा-रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल ने भी सम्बोधित किया तथा अपने लिए हाथ जोड़कर समर्थन मांगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद जिला अध्यक्ष संदीप मलिक व संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी ने किया। कार्यक्रम को प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, संगठन मंत्री सतेन्द्र सिसौदिया, एमएलसी वंदना वर्मा, पूर्व सांसद सोहनबीर सिंह,पूर्व विधायक प्रमोद ऊँटवाल, पूर्व विधायक विक्रम सैनी ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र चौधरी, अभिषेक चौधरी, अमित राठी, वैभव त्यागी, शरद शर्मा, पूर्व विधायक अशोक कंसल आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा में भीषण सड़क दुर्घटना, 36 मरे, 24 घायल, दो अधिकारी निलंबित

**अल्मोड़ा/नैनीताल, 04 नवंबर (वार्ता)** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सोमवार सुबह-सुबह बेहद गमगीन करने वाली खबर मिली। यहां एक सड़क हादसे में 36 लोगों की अकाल मृत्यु हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। मृतकों में से अधिकांश दीपावली मना कर अपने गंतव्य को लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वाल मोटर्स आनर्स यूनियन लि0 की बस पौड़ी जिले के गौलेखाल से 60 यात्रियों को लेकर जैसे ही अल्मोड़ा जिले के सल्ट तहसील के मरचूला पहुंची तो कूपी के पास सारड बैंड में अनियंत्रित हो कर गहरी खाई में जा गिरी। दीपावली के अवकाश के चलते बस खचाखच भरी हुई थी। बस से क्षमता से कई गुना अधिक 60 सवारी भरी हुई थी। पांच लोग किसी तरह से बस से छिटक गये। उन्हें मामूली चोटें आयीं। बाकी 36 लोगों की मौत हो गयी। इनमें से 28 की मौके पर ही मौत हो गयी थी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की तीन टीमों को और सल्ट, रानीखेत की पुलिस टीमों को मौके पर भेजा गया। तब तक ग्रामीण भी मौके पर पहुंच चुके थे। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देवेंद्र पिंचा और सल्ट के उप जिलाधिकारी कोहली मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य चलवाया। दो दर्ज घायलों में 15 को रामनगर अस्पताल भिजवाया गया जबकि चार को एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश और हल्द्वानी के



सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। रामनगर अस्पताल में उपचार के दौरान आठ घायलों ने दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सुबह से ही दुर्घटना के बाद इस घटना पर नजर बनाये हुए थे। उन्होंने तत्काल गंभीर घायलों को तत्काल एयर लिफ्ट कर एम्स और अन्य अस्पतालों में भेजने के निर्देश दिये। इसके लिये एयर एम्बुलेंस भी उपलब्ध करायी गयी। साथ ही एम्स के चिकित्सकों की एक टीम को ऋषिकेश से घायलों के उपचार के लिये रामनगर चिकित्सालय भेजा गया।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 04 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1556 :पानीपत की दूसरी लड़ाई में बैरम खान की हार के बाद भारत में मुगल ताकत बहाल। 1630: स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर। 1678: जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया। 1895: ऑटोमोबाइल के लिए जॉर्ज बी सेल्डन को अमेरिका का पहला पेटेंट मिला। 1914 :फ्रांस और ब्रिटेन ने तुर्की के खिलाफ युद्ध छेड़ा। इससे प्रथम विश्व युद्ध का दायरा बढ़ा। 1920: इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना हुई। 1930 :सामाजिक आलोचक सिंक्लेयर लुइस ने साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार जीता। वह यह सम्मान हासिल करने वाले पहले अमेरिकी बने। 1937: एडोल्फ हिटलर ने गुप्त बैठक बुलाकर जर्मन जनता के लिए ज्यादा जगह लेने की अपनी योजना का खुलासा किया। 1940 :फ्रेंकलिन डी रूजवेल्ट अभूतपूर्व रूप से तीसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए। 1951: नेवादा परमाणु परीक्षण केंद्र में अमेरिका ने परमाणु परीक्षण किया। 1956 :मिस्र और इस्राइल की सेनाओं के बीच स्वेज नहर के आसपास संघर्ष के दौरान ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाएं मिस्र पहुंचीं। 1961: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने न्यूयॉर्क की यात्रा की। 1976: सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया। 1994 :जार्ज फोरमैन ने माइकल मूर को हराकर 45 वर्ष की आयु में विश्व हैवीवेट चैंपियन का खिताब जीता। 1996: पाकिस्तान के राष्ट्रपति फारूख अहमद खान ने बेनजीर भुट्टो सरकार को बर्खास्त कर पाक नेशनल असेंबली भंग की। 2001: भारत तथा रूस ने अफगान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंजूर की। 2006 :सद्दाम हुसैन को मानवता के खिलाफ अपराधों पर मौत की सजा सुनाई गई। 2007: चीन का पहला अंतरिक्ष यान चेंज-1 चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा। 2012: सीरिया में आत्मघाती बम धमाके में 50 सैनिक मारे गए। 2013 :भारत ने पहले मंगल अभियान की शुरूआत की। पहले ही प्रयास में देश का मंगलयान अपने मिशन में सफल हुआ।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 04 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया 1050-1080, चाकू 1220-1475, लड्डू 1350-1480, खुरपापाड़ 1225-1260, शक्कर मसाला 1375-1390। आज की मंडी आमद- 5000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 04 नवम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 80750 | चांदी- | 96700 |
| सिक्का- | 10800 | गिन्नी- | 60510 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 05 नवम्बर, 2024

**मेष-** आज दिन 9/56 बजे तक व्यवसाय में असफलता, आरोग्य सुख में कमी, दुर्जनों से कष्ट, शेष समय में लाभ का सुयोग, बहुप्रतीक्षित कार्यों के बनने से प्रसन्नता।
**वृषभ-** आज दिन 9/56 बजे तक स्वास्थ्य में सुधार, पारिवारिक उलझनों में कमी, सुयश की प्राप्ति, शेष समय में योजना अधूरी, समस्याओं से मन दुविधामय।
**मिथुन-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, विवादास्पद मसला हल, शत्रु पराभूत, सम्बन्ध मधुर, सामाजिक कार्यों में वृद्धि।
**कर्क-** पराक्रम से कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह आहार-विहार में नवीनता, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि।
**सिंह-** आज दिन 9/56 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, आरोग्य सुख में कमी, पारिवारिक वैमनस्यता, शेष समय में परिस्थितियों में सुधार, व्यापार में धन निवेश।
**कन्या-** आज दिन 9/56 बजे तक अनुकूल, स्वास्थ्य बेहतर, स्वनिर्णय हितकर, हर्ष भी, शेष समय में कार्य व्यवसाय में विफलता, अपेक्षित सहयोग का अभाव।
**तुला-** नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, आय के नवीन स्रोत, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, ऋण भुगतान।
**वृश्चिक-** विचारित कार्यों के प्रगति हेतु विचार विनिमय, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, सुसमाचार की प्राप्ति से हर्ष एवं उल्लासमय वातावरण, स्थान परिवर्तन में कार्यक्रम।
**धनु-** आज दिन 9/56 बजे तक लाभ में कमी, निजी इच्छापूर्ति में बाधा, बढ़ते हुए खर्च से चिन्तित, अकारण भ्रमण, व्यक्तिगत समस्या का हल, मानसिक शांति।
**मकर-** आज दिन 9/56 बजे तक समय अनुकूल, व्यापार में धन निवेश, पारिवारक सौहार्द, नवीन उपलब्धि, शेष समय में कार्यों के प्रति उदासीनता, शत्रु सक्रिय।
**कुम्भ-** व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, बकाए धन की प्राप्ति, मेल-मिलाप में रुचि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।
**मीन-**विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, जीवन साथी से सामंजस्य, आपसी सौहार्द।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# रालोद विधायक के गांव से शीशम काटने वाले सात शातिर गिरफ्तार

## भौराकलां पुलिस ने किया चोरी की दो घटनाओं का खुलासा, शीशम की लकड़ी के बोटे, नगदी और अवैध शस्त्र बरामद




**मुजफ्फरनगर, 04 नवम्बर (बु.)।** रालोद के यूपी विधानमंडल दल के नेता और बुढ़ाना सीट से विधायक राजपाल सिंह बालियान के पैतृक गांव से शीशम के पेड़ काटकर चोरी की वारदात से हड़कम्प मचाने वाले सात शातिर चोरों को पुलिस ने दबोच लिया। इस बदमाशों की गिरफ्तारी के साथ ही थाना भौराकलां पुलिस द्वारा चोरी के 02 अभियोगों का अनावरण करते हुए इन बदमाशों के पास से शीशम लकड़ी के बोटे, नगदी और अवैध शस्त्र के साथ ही उपकरण भी बरामद किए हैं।
सीओ फुगाना सन्त प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना भौराकलां विजय सिंह के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस द्वारा चोरी के 02 मामलों का खुलासा करते हुए शिकारपुर-सिसौली मार्ग पर ग्राम सदरूद्दीन नगर के पास से सात शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से 05 शीशम की लकड़ी के बोटे, अवैध शस्त्र , 01 कटर मशीन, 3800रुपये नगद और एक पिकअप गाड़ी बरामद की गई। पकड़े गये शातिर चोरों में जावेद पुत्र यामीन, गुलसनव्वर पुत्र रियासत, शोएब पुत्र बाबू, जाबिर पुत्र बेदू, आरिफ पुत्र स्व. जाबिर, सलीम पुत्र यामीन निवासीगण ग्राम भनवाडा, रतनपुरी और फिरोज पुत्र गुफरान निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना जानसठ शामिल हैं।
सीओ ने बताया कि 27 जून को भौराकलां चौराहे के पास से एक जनरेटर व ऑल्टीनेटर से तांबे के तार तथा बिजली के तार के बंडल की चोरी की घटना हुई थी, इसके साथ ही 24 अक्टूबर को रालोद विधायक राजपाल सिंह बालियान के गांव गढ़ीनौआबाद निवासी तरूण बालियान ने थाना भौराकलां में तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि अज्ञात चोरों के द्वारा उनके शीशम के पेड़ काटकर चोरी कर लिये गये हैं। दोनों ही मामलों में भौराकलां पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत करते हुए पुलिस टीमों को लगा दिया गया था। सीओ फुगाना के अनुसार गिरफ्तार चोरों के द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया गया कि उनका चोरी करने का एक संगठित गिरोह है। गिरोह में शामिल जावेद ने अपने परिवार को लोगों के माध्यम से आरा-मशीन लगा रखी है। गिरोह में शामिल सदस्य सड़क के किनारे खड़े पेड़ों को रात्रि में काटकर चोरी कर ले जाते हैं तथा उन्हें जावेद की आरा-मशीन पर काटकर बेच देते हैं और अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं। भौराकलां चौराहे के पास से जेनरेटर व ऑल्टीनेटर से चोरी किए गए तारों के बंडल कबाड़ी को बेचकर रुपये ले लिए गए थे, बरामद रुपए उसी चोरी के हैं। सोमवार को शीशम पेड़ों की लकड़ी को बेचने के लिये जा रहे थे कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। सोमवार को इन शातिर सात चोरों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, निरीक्षक अपराध योगेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक शिव सिंह नागर, ललित राजपूत, शिवम शर्मा, शेषपाल सिंह, हैड कांस्टेबल दिनेश, कांस्टेबल किशन और नवीन शामिल रहे।

# युवा पीढ़ी को समाजिक ज्ञान नहीं: ज्ञेय सागर



**बुढ़ाना, 04 नवम्बर (बु.)।** ज्ञेय सागर जी महाराज ने सोमवार को कांधला रोड पर स्थित जैन मंदिर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि चातुर्मास का समापन हो चुका है। इसका उद्देश्य था कि हम अपनी युवा पीढ़ी को धर्म से कैसे जोड़ें ये चार महीने तक यहां पर जैन समाज के बच्चों को बताया गया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को जैन समाज का जरा सा भी ज्ञान नहीं है। युवा पीढ़ी को कैसे धर्म से जोड़ा जाए इसलिए चातुर्मास रखा गया था। आज के बच्चे जॉब या पढ़ाई के नाम पर माता पिता से अलग रह रहे हैं। जब उनको परिवार से संस्कार ही नहीं मिलेंगे तो फिर बच्चा अपने धर्म के बारे में कैसे जानेगा। जैन धर्म में मांस, मदिरा, बीड़ी, पान, सिगरेट ये सब मना हैं लेकिन हमारे बच्चे बाहर रहकर इनका सेवन कर रहे हैं। इसलिए बच्चों को धर्म से जोड़ने के लिए चातुर्मास किया गया। हमारे बच्चे 40-40 साल के हो गये लेकिन बहुत सो को धर्म के बारे में अभी भी नहीं पता। जिन बच्चों ने कभी भी अपने घर में रसोई में जाकर नहीं देखा उन बच्चों ने यहां चातुर्मास में रहकर भोजन बनाना भी सीखा और संस्कार भी सीखे। घरों से दादा दादी का नाम खत्म हो गया बस मम्मी पापा ही रह गये। बस दाई ही हमारे बच्चों का लालन पालन कर रही हैं क्योंकि बच्चों के माता पिता भी जॉब पर बाहर निकल जाते हैं। अब वो दाई उनको क्या संस्कार दे रही है, यह सोचने वाली बात है। इसलिए बच्चों पर पूरा ध्यान देना होगा। अनूप जैन उर्फ अप्पू सहित समाज के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# कौन बनेगा करोड़पति में पूछा एक्ट्रेस जुबैदा को लेकर ऐसा ऐतिहासिक सवाल, जिसको लेकर छिड़ गया विवाद



**मुंबई, 4 नवंबर (एजेंसी)।** कौन बनेगा करोड़पति के 16वें सीजन के हाल के एपिसोड में पूछे गए एक सवाल को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी हो रही है। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और सीरीज सिटाडेलः हनी बनी के निर्देशक सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर शामिल हुए। शो में अभिनेत्री जुबैदा से जुड़ा एक ऐतिहासिक सवाल पूछा गया। इसे लेकर जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने आलोचना की है, जिन्होंने शो में रिसर्च की कमी बताई है। केबीसी शो में जुबैदा को लेकर सवाल किया गया कि किस अभिनेत्री का अपने पति जोधपुर के महाराजा हनवंत सिंह के साथ विमान दुर्घटना में दुखद निधन हो गया?" जवाब के विकल्पों में सुलोचना, मुमताज, नादिरा और जुबैदा शामिल थीं। कुछ विचार-विमर्श के बाद और अपनी तीन लाइफ लाइन में से दो का उपयोग करने के बाद, जिसमें सिटाडेलः हनी बनी के लेखक को कॉल करना भी शामिल था, वरुण और राज ने जुबैदा को अपना उत्तर चुना, जिसे शो द्वारा सही माना गया। इस पर दिवंगत अभिनेत्री जुबैदा के बेटे खालिद मोहम्मद ने तुरंत इस गलती को इंगित किया। हकीकत में उनकी मां का विवाह हैदराबाद के महाराज नरसिंहगिरी धनराजगीर ज्ञान बहादुर से हुआ था, महाराजा हनवंत सिंह से नहीं। इस प्रकरण के बाद खालिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, "यह मेरी दिवंगत मां जुबैदा बेगम हैं। आलम आरा के बनने के समय उनका जन्म नहीं हुआ था। इस गलती के लिए कार्यक्रम में माफी मांगना ही कम से कम आप कर सकते हैं।" "कौन बनेगा करोड़पति... जो भी फैसला करें, मैं केबीसी पर स्पष्टीकरण मांग सकता हूं। जुबैदा (धनराजगीर) आलम आरा में अभिनय करने वाली प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं। यह मेरी मां जुबैदा नहीं हैं। वे अभिनय करना चाहती थीं, लेकिन उनके सख्त पिता ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। आपकी शोध टीम ऐसी गलती कैसे कर सकती है?"

# साप्ताहिक बंदी के दिन भी क्यों खुलता है बुढ़ाना का बाजार

**दुकानदारों ने कभी नहीं किया बंदी के आदेशों का पालन, कर्मचारी हैं परेशान**

**बुढ़ाना, 04 नवम्बर (बु.)।** कस्बे के बाजार में साप्ताहिक बंदी जिले के डीएम की ओर से सोमवार के दिन की निर्धारित की गई थी लेकिन कस्बे में इसका कोई असर नहीं दिख रहा है। अधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें खोलकर बैठते हैं। वहीं बाजार की दुकानें खुली होने पर कस्बे में खुले बड़े बड़े शोरूम भी अधिकारियों को ठेंगा दिखा रहे हैं। कस्बे में सोमवार के दिन साप्ताहिक बंदी का आदेश है। सोमवार को हेयर कटिंग, मिठाई, सब्जी,फल और तहसील के बाहर की फोटो स्टेट की दुकानों के ही खुलने के आदेश हैं लेकिन अन्य व्यापारी भी अपनी दुकानें खोल रहे हैं। कुछ दुकानदारों ने बताया कि सोमवार को बंदी होने के बाद भी कुछ दुकानें खुलती हैं। फिर उन्हीं को देखकर सभी दुकानदार अपनी अपनी दुकानें खोल लेते हैं। छोटे दुकानदार चाहते हैं कि हफ्ते में एक दिन बंदी होनी चाहिए लेकिन बड़े दुकानदार अपनी दुकानें खोले रखते हैं। जिससे मजबूर होकर छोटे व्यापारियों को अपनी दुकानें खोलनी पड़ती हैं। कानून का उल्लंघन यहां के जिम्मेदार लोग सबसे पहले करते हैं। अधिकारियों को ऐसे दुकानदारों की पहचान करते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। क्या संबंधित अधिकारी इस बार इस और ध्यान देंगे।

# अधिवक्ताओं ने कलमबंद हड़ताल रख किया प्रदर्शन



**खतौली, 4 नवम्बर (बु.)।** गाजियाबाद जिला जज के आदेश पर न्यायालय में वकीलों पर पुलिस द्वारा किये गये लाठी चार्ज के विरोध में खतौली तहसील के तमाम वकीलों ने कलमबन्द हड़ताल पर रहने से फरियादियों को निराश लौटना पड़ा।
मिली जानकारी अनुसार यूपी बार काउंसिल व पश्चिमी उत्तर प्रदेश संघर्ष समित के आह्वान पर खतौली तहसील बार एसोसिएशन के नेतृत्व में सभी अधिवक्ताओं ने हड़ताल पर रहते हुए धरना प्रदर्शन किया तथा पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज की निंदा करते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष सरदार जितेन्द्र सिंह, सचिव सचिन आर्य एडवोकेट ने इस दौरान कहा कि लाठीचार्ज करके पुलिस ने जलियावाला बाग की घटना को दोहराया है, जो भारतीय लोकतन्त्र के लिए एक शर्मनाक घटना है।
उन्होंने गाजियाबाद जिला जज को तत्काल हटाये जाने व लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की पुरजोर मांग की। तहसील में वकीलों की कलमबन्द हड़ताल के चलते जहां तहसील में अपने विभिन्न कार्यों से अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को निराश होकर वापिस लौटना पड़ा, वहीं तहसील में बैनामा के रजिस्ट्री कार्य भी अवरुद्ध बना रहा।
धरना प्रदर्शन के दौरान जितेन्द्र सिंह, सचिन आर्य, अभिषेक गोयल, रामचन्द्र सैनी, प्रमोद शर्मा, दिमाग सिंह, मनोज गर्ग, रामकुमार, शकुन्तला देवी, अजय राठी, दानिश काजी, सत्प्रकाश सैनी, सचिन, राजेश, राजवीर, अशोक अहलावत, नवाबसिंह, मौ. अरशद, गंगाशरण, कपिल, गंगाशरण, अनुज, जैन, सुलेमान खान, कृष्ण कुमार, राजेन्द्र, महेश आदि मौजूद रहे।

# भाजपा-रालोद गठबंधन के साथ है गुर्जर समाज: चंदन चौहान



**भोपा, 04 नवम्बर (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित गुर्जर धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बिजनौर से रालोद सांसद चंदन सिंह चौहान ने कहा कि मीरापुर विधानसभा चुनाव में गुर्जर समाज के समर्थन को लेकर कुछ लोग भ्रांतियां फैला रहे हैं, जिसे समाज के बीच जाकर दूर किया गया है। गुर्जर समाज अन्य समाज के साथ मिलकर भाजपा रालोद गठबंधन की प्रत्याशी मिथलेश पाल को जिताने के लिए संकल्प लिए हुए है।
सांसद चंदन चौहान ने कहा कि उन्होंने विधायक रहते हुए प्रत्येक वादे को पूरा करने का काम किया है। आज क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री व जयंत चौधरी के प्रयासों से समाज में एकजुटता का संदेश गया है। प्रत्येक क्षेत्र में सरकार विकास कार्य कर रही है। क्षेत्र में टूटी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार को लेकर नित नई योजनाएं चलाई जा रही है। कुछ हताश लोग समाज को तोड़ने के काम में जुटे हुए हैं तथा समाज को भ्रमित करने के प्रयास में लगे हुए थे। गुर्जर समाज जो कहता है वो करता है। गुर्जर समाज पहले भी रालोद के साथ था, जिसका परिणाम वह स्वयं हैं और आगे भी भाजपा रालोद गठबंधन के प्रत्याशी को जितवाएंगे। साथ ही आगामी 6 नवम्बर को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी बेलड़ा, भोकरहेडी, नूनीखेड़ा, जड़वड़ कटिया में कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे, जिसमें सभी रालोद भाजपा कार्यकर्ता पहुंचेंगे। कार्यक्रम में रालोद की प्रदेश सचिव रमा नागर, पूर्व प्रमुख मेरठ देवेन्द्र गुर्जर, महकपाल प्रधान, ऋषिपाल, मेनपाल, एड. राजपाल सिंह, महेश पुण्डीर, सुन्दर गुर्जर, मुखिया, रोशेन्द्र, योगेश गुर्जर, राजीव चेयरमैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रघुवर प्रधान जड़वड़ व संचालन जगपाल सिंह ने किया।

# सीओ कार्यालय निर्माण वाली चिन्हित भूमि से अतिक्रमण हटवाया

**भोपा, 04 नवम्बर (बु.)। कस्बा में नव निर्माण सीओ कार्यालय के लिए चिन्हित जगह पर अतिक्रमण करने वालों पर चला प्रशासन का बुलडोजर खाली कराया निर्माण के लिए स्थान। भोपा में ग्राम पंचायत की भूमि पर होने होने जा रहा सीओ कार्यालय के लिए भवन निर्माण पर ग्रामीणों द्वारा लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। सड़क किनारे लकड़ी वह तीन के खोखे बनाकर कब्जा कर रखा था। सोमवार को प्रशासन व भोपा पुलिस कब्जे हुए स्थान पर बुलडोजर लेकर पहुंची, तो बुलडोजर को देख अतिक्रमण करने वालों में भगदड़ मच गई। अपना-अपना सामान रेडो ट्रेक्टर बुग्गी में भर कर स्थान खाली करते नजर आये। कुछ लोगों ने तो अपने खोखे अपने आप हटा लिए, जिसने नहीं हटाए उनके खोके बुलडोजर द्वारा हटा दिये गए। कई अतिक्रमण करने वालों ने विरोध किया और समय मांगा, लेकिन उनकी नहीं सुनी गई। इस दौरान भोपा थाने के एसएसआई नरेश कुमार आदि पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।**

# रूठे पूर्व प्रत्याशी को मनाने पहुंचे सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल

**कहा-समय आने पर पार्टी लियाकत अली को देगी वफादारी का बड़ा ईनाम, सुम्बूल के चुनाव में करेंगे काम**



**भोपा, 04 नवम्बर (बु.)।** सपा के पूर्व प्रत्याशी लियाकत अली द्वारा मीरापुर विधानसभा चुनाव में टिकट ना दिए जाने से नाराज चल रहे थे, जिसके चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल उनके आवास पर पहुंचे, जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओं के बीच उन्होंने कहा कि लियाकत अली का पार्टी में सम्मान है और सम्मान रहेगा। उनकी वफादारी के बदले समय आने पर इनाम दिया जाएगा। उसके बाद वहां मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने एकमत होकर सपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करने का आश्वासन दिया। मुकेश चौधरी पूर्व राज्य मंत्री, जिया चौधरी जिला अध्यक्ष, सलीम मलिक महानगर अध्यक्ष, तहसीन मंसूरी प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, रामपाल सिंह पाल जिला महासचिव, अविनाश, कपिल, अफजाल अहमद भोपा, शहजाद भोपा, विनय पाल प्रमुख, मोनिका शर्मा, अनीता पुंडीर सहित सैकडों की संख्या मे कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे।

# अटूट प्रेम-प्रेमिका की मौत के 14 घंटे बाद प्रेमी ने की भी आत्महत्या

**बुलंदशहर, 4 नवंबर (एजेंसी)।** स्याना कोतवाली क्षेत्र के नयागांव साहनपुर निवासी युवती ने रविवार रात प्रेम प्रसंग में परिजनों के बाधा बनने पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी सोमवार सुबह मृतका के गांव निवासी प्रेमी को हुई। प्रेमिका की मौत से क्षुब्ध युवक ने भी दोपहर करीब एक बजे फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवती का दिन में ही पोस्टमार्टम के बाद शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। जबकि, प्रेमी का शव देर शाम पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। दोनों के परिजनों ने उनके आत्महत्या की सूचना लिखित में पुलिस को दी है।
कोतवाली क्षेत्र के नयागांव साहनपुर निवासी असलम ने रविवार देर रात थाना पुलिस को तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि उनकी 18 वर्षीय बहन समां ने रविवार रात करीब 11 बजे अपने कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पीड़ित जब बहन के कमरे में पहुंचा तो शव पंखे से लटका देख शोर मचा दिया। जिसके बाद अन्य परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां, उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सोमवार दोपहर को उसका शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा। जिसे सुपुर्द ए खाक कर दिया। इसके कुछ देर बाद ही गांव निवासी 22 वर्षीय गैर समुदाय के युवक कुश ने भी अपने घर में फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजन उसे भी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उससे पूर्व ही उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता बलवंत ने भी थाना पुलिस को उसके आत्महत्या की सूचना दी। पुलिस ने उसके शव को भी देर शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। देर रात उसका भी अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच की तो सामने आया कि दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गत एक जून को मृतका समा और मृतक कुश घर से कहीं चले गए थे। इस मामले में मृतका की मां ने कुश के खिलाफ उसके अपहरण की तहरीर दी थी। उस दौरान समां नाबालिग थी। हालांकि, बाद में पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया था। समां को उसके परिजनों को सौंप दिया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक कुश को जेल भेज दिया था। करीब एक डेढ़ माह जेल में रहने के बाद न्यायालय द्वारा युवक को जमानत दी गई थी। जिसके बाद से वह दोनों अपने-अपने घरों में ही रह रहे थे। लेकिन, दोनों के बीच प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होता गया। गैर समुदाय के होने के चलते दोनों के परिजन इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। पुलिस प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग के चलते ही आत्महत्या किया जाना मान रही है। दोनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# आर्थिक तंगी को लेकर हुए विवाद में मां-बेटे ने जहर खा जान दी

**फतेहपुर, 4 नवंबर (एजेंसी)।** थाना चांदपुर क्षेत्र के कुलखेड़ा गांव में मां-बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते मां-बेटे में अक्सर विवाद होता था। घरेलू कलह में दोनों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने मामले की जानकारी से इन्कार किया है। कुलखेड़ा गांव निवासी राजू शुक्ला, पत्नी मंजू (50) और बेटे विकास (25) के साथ कानपुर में रहते थे। राजू की तीन साल पहले मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद पत्नी बेटे के साथ गांव में रिश्तेदार भिखारी लाल मिश्रा के आवास में रहने लगी। सोमवार सुबह मां और बेटे में किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। विकास ने कुछ देर बाद जहर खा लिया। मां मंजू को इसकी जानकारी हुई तो सदमे में आ गई। उन्होंने कानपुर स्थित मायके में फोन करके बेटे के जहर खाने की सूचना दी और खुद भी जहर खा लिया। पड़ोसी मां-बेटे को अमौली स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने यमुना किनारे दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया। विकास अविवाहित था। उसने लगभग एक साल पहले कर्ज लेकर ई-रिक्शा खरीदा था। चर्चा है कि वह दो माह से ई-रिक्शा नहीं चला रहा था और कर्ज भी नहीं चुका पा रहा था। घर में खानपान का भी संकट खड़ा होने लगा था। इससे मां-बेटे में विवाद होता था। थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# मतदान की तारीख आगे बढ़ाने पर अखिलेश का भाजपा पर तंज- टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे!

**लखनऊ, 4 नवंबर (एजेंसी)।** यूपी में उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख आगे बढ़ाने पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे।
उन्होंने एक्स पर कहा कि टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे! पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भाजपा इतनी कमजोर कभी न थी। दरअसल बात ये है कि उत्तर प्रदेश में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर यूपी आए हुए हैं और उपचुनाव में भाजपा को हराने के लिए वोट डालने वाले थे। जैसे ही भाजपा को इसकी भनक लगी उसने उपचुनावों को आगे खिसका दिया, जिससे लोगों की छुट्टी खत्म हो जाए और वो बिना वोट डाले ही वापस चले जाएं। ये भाजपा की पुरानी चाल है : हारेंगे तो टालेंगे। टालेंगे तो और भी बुरा हारेंगे!
पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टाला, अब बाकी सीटों के उपचुनाव की तारीख, भाजपा इतनी कमजोर कभी न थी। दरअसल बात ये है कि उप्र में महा-बेरोजगारी की वजह से जो लोग पूरे देश में काम-रोजगार के लिए जाते हैं, वो दिवाली और छठ की छुट्टी लेकर उप्र आए हुए। यूपी में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान की तारीख एक सप्ताह के लिए बढ़ा दी गई है। अब 13 की जगह 20 नवंबर को मतदान होगा। इस संबंध में चुनाव आयोग ने आदेश जारी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने जारी किए गए आदेश में कहा है कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व होने की वजह से भाजपा, कांग्रेस सहित क्षेत्रीय दलों ने मतदान की तारीख बदलने की मांग की थी जिस पर यह निर्णय लिया गया है। यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने थे जिनमें से एक सीट मिल्कीपुर का मामला कोर्ट में होने के कारण इस सीट पर चुनाव की तारीखों का एलान नहीं किया गया है। शेष नौ सीटों पर अब मतदान 20 नवंबर को होगा।

## उपचुनाव में 'जुड़ेंगे...कटेंगे' पर सियासी घमासान, मौर्य बोले- वोट के लिए जिहादियों का समर्थन करती है सपा

**लखनऊ, 4 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव के दौरान जुड़ेंगे...कटेंगे पर सियासी खींचतान तेज हो गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी के बयान बंटोगे तो कटोगे को इतिहास का सबसे खराब नारा करार दिया था। इसके जवाब में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सपा वोट के लिए जेहादियों का समर्थन करती है। बसपा सुप्रीमो मायावती समेत सभी प्रमुख पार्टियों के नेता इस मुद्दे पर बयानबाजी कर चुके हैं। प्रदेश की 9 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में 9 दिन ही बचे हैं। इस दौरान जनता की जरूरतों से जुड़े मुद्दों के बजाय सभी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने जुड़ेंगे...कटेंगे पर फोकस कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि इसके जरिये जहां भाजपा धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है, वहीं सपा पीडीए (पिछड़े, दलित व अल्पसंख्यक) से जोड़ते हुए राजनीति को जातीय ध्रुवीकरण की दिशा में मोड़ने का प्रयास कर रही है। अब कौन कितना सफल होता है, यह तो 23 नवंबर को आने वाले चुनाव परिणाम ही बताएंगे। केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को एक्स के माध्यम से कहा कि सपा का असली एजेंडा मुस्लिम तुष्टीकरण और वोटबैंक के लिए जेहादियों को खुला समर्थन देना है। वे कहते हैं- लव जेहाद, लैंड जेहाद, वोट जेहाद जैसे मोर्चे पर समाज को बांटने की राजनीति, क्या यही अखिलेश यादव की समरसता के दावे की सच्चाई है?क्या यही पीडीए है? सपा का चरित्र और चेहरा दोनों बेनकाब हो चुका है। सपा कार्यालय के बाहर फिर लगा पोस्टर। सपा कार्यालय के बाहर शनिवार की रात लगाया गया एक पोस्टर फिर चर्चा में है। इस पोस्टर में लिखा है- मठाधीश बांटेंगे और काटेंगे... पीडीए जोड़ेगी और जीतेगी। एक दिन पहले मायावती ने भी कहा था कि बसपा से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे।

## रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार मामा-भांजे की मौत

**शाहजहांपुर, 4 नवंबर (एजेंसी)।** शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र में सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ। रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार हरदोई जिले के थाना बेहटा गोकुल के गांव मधेना निवासी रईस अली (30) और उनके 12 वर्षीय भांजे की मौत हो गई। दोनों बरात में शामिल होने जा रहे थे। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग के लिए सड़क जाम करने का प्रयास किया। पुलिस ने समझाकर लोगों को शांत करा दिया। मेहनत मजदूरी करने वाले रईस अली की रिश्तेदारी कांट के जमौर गांव में है। वह सोमवार को अपने भतीजे की बरात में शामिल होने भांजे अल्ताफ के साथ आए थे। दोपहर करीब दो बजे बराती जमौर से अल्हागंज के कोबला गांव जाने को निकले थे। मामा-भांजे बाइक से जा रहे थे। गन्ना सेंटर के बाद ओवरटेक करने के फेर में रोडवेज बस की चपेट में उनकी बाइक आ गई। हादसे में बाइक सवार मामा-भांजे की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस बीच लोगों ने मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर थाने के सामने जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## सोन नदी में नहाते समय डूबीं तीन बालिकाएं

**सोनभद्र, 4 नवंबर (एजेंसी)।** सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के बर्दिया कंपार्ट नंबर चार के पास सोमवार की दोपहर में दो सगी बहनों समेत तीन लड़कियां सोन नदी में डूब गई। नदी में नहाते समय यह हादसा हुआ। उनके साथ मौजूद एक अन्य लड़की ने घरवालों को घटना की सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे। पुलिस ने गोताखोरों व फायर ब्रिगेड के कर्मियों को नदी में उतारकर तलाश शुरू की, लेकिन देर शाम तक उनका पता नहीं चल सका था। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज के समीप बर्दिया कंपार्ट नंबर चार निवासी केदार की पुत्री सरिता (10), सुनीता (12), गांव की ही उषा (14) और काजल (9) के साथ सोन नदी के किनारे पशु चराने गई थीं। वहां चारों नदी में उतरकर नहाने लगी। नदी में किनारे पानी कम था, लेकिन आगे की गहराई का अंदाजा न होने से चारों नहाते हुए गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। सरिता, सुनीता और उषा को नदी में डूबते देख उनके पीछे रही काजल आई और घटना की सूचना घरवालों को दी।

## आतिशबाजी स्टॉक में एक करोड़ की गड़बड़ी, 12 लाख लगा जुर्माना

**लखनऊ, 4 नवंबर (एजेंसी)।** अयोध्या जोन की स्टेट जीएसटी की टीम ने बहराइच में स्थित आतिशबाजी के प्रतिष्ठान पर छापेमारी की थी। इस दौरान जांच-पड़ताल के दौरान बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़ी गई। अलग-अलग वित्तीय वर्ष के दस्तावेज खंगाले गए तो लगभग एक करोड़ रुपये का स्टॉक कम मिला। टीम ने संबंधित प्रतिष्ठान से 12 लाख रुपये जुर्माना भी ठोंका है। स्टेट जीएसटी के अपर आयुक्त ग्रेड-1 अरविंद कुमार ने बताया कि अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में जोन के गोंडा संभाग की टीम ने बहराइच के न्यू रायल फायर वर्क्स अवालपुर मसूदपुर का निरीक्षण किया था। जांच में मिला कि फर्म ने वर्ष 2021-22 व 2022-23 में 12% की दर से खरीद की थी। कंपोजिसन से बाहर होने के उपरांत फर्म ने दाखिल आईटीसी-01 में 1.33 करोड़ इनवाइस वैल्यू घोषित किया। फर्म की ओर से घोषित टर्नओवर के अनुरूप कैश के रूप में कर जमा नहीं किया जा रहा था। वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में वर्ष 2024-25 में टर्नओवर में अधिक गिरावट दिख रही थी।

## पति व जेठ-जेठानी ने आत्महत्या के लिए उकसाया

**पुरकाजी, 04 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव धमात में गत दिवस संदिग्ध परिस्थितियो में हुई मौत की घटना में पति सहित तीन लोगो के विरूद्ध आत्महत्या के लिये उकसाने की धाराओ में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गत दिवस अंजली की संदिग्ध परिस्थितियो में मौत हो गयी थी मृतका के परिजनो में पति सहित जेठ जेठानी पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया था। सोमवार को मृतका के परिजन पुरकाजी थाने पहुँचे और आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहरीले पदार्थ का सेवन करने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मृतका के पति राहुल, जेठ सहीपाल व जेठानी के खिलाफ सम्बन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चार लोगों का शान्ति भंग में किया चालान

**पुरकाजी, 04 नवम्बर (बु.)।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव चमरावाला व भोजाहेडी के अलग-अलग मामलों में चार लोगों का शान्ति भंग में चालान किया है। पुलिस ने बताया कि चमरावाला गांव में तीरथपाल, सन्नी तथा भोजाहेड़ी से अंकुश व शेरपुर खादर से निखिल का शांति भंग के आरोप में कार्यवाही करते हुए चालान किया है।

## मारपीट में पति-पत्नि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पुरकाजी, 04 नवम्बर (बु.)।** कस्बे के मोहल्ला झोझगान में आपसी बंटवारे के चलते जावेद व उसके भाई आजाद में हुई कहासुनी और मारपीट की घटना में जावेद की पत्नि घायल हो गयी थी। जावेद ने थाने में आजाद व उसकी पत्नि समरीन के विरूद्ध गाली-गलौच व मारपीट करने का आरोप लगाकर तहरीर देते हुए कार्यवाही करने की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी बताये गये आजाद और उसकी पत्नि समरीन के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

